दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका    संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916    सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 05 | छतरपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## गरीब आदिवासी परिवार बना करोड़पति, मिला एक करोड़ का हीरा

### परिवार में खुशी का माहौल






**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में गरीबी में गुजारा करने वाला एक आदिवासी परिवार मालामाल हो गया है। इस परिवार को हीरा खदान से 19 कैरेट 22 सेंट के वजन का हीरा मिला है, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। देश भर में प्रसिद्ध हीरो के लिए पहचाने जाने वाले पन्ना में फिर हीरा चमका और साथ ही चमकी है मजदूर की किस्मत भी। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अहिरगुवा निवासी चुनुवादा गौड़ पिता छोटे गौड़ का परिवार सालों से हीरा खदान खोद रहा था। 2 महीने पहले उन्होंने हीरा कार्यालय से अपने ही नाम पर खदान का पट्टा कृष्णा कल्याणपुर पटी मे खदान के नाम से बनवाया था। वह प्रतिदिन अपने परिवार सहित हीरे की तलाश में रोज खदान खोदने जाते थे और मेहनत कर निराश होकर वापस आ जाते थे। दिनांक 23 जुलाई को वह प्रतिदिन की तरह खदान खोदने गये थे। उसी दौरान उसका लड़का राजू गौड़ ग्रेवल (चाल) धो रहा था तभी छन्नी में हीरा सामने आ गया जिसे देखकर वह अचंभित हो गया और खुशी के मारे फूले नहीं समा रहा था। हीरा मिलते ही राजू गौड़ ने अपने पिता चुनुवादा गौड़, मां और भाई के साथ हीरा कार्यालय में पहुंचकर हीरा जमा किया। जिसका वजन 19 कैरिट 22 सेन्ट निकला जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ के आस पास भी हो सकती है। वैसे बाजार मे हीरा की कीमत चार से पांच लाख कैरिट चल रही है। हीरा विभाग की पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि उक्त हीरे को आगामी नीलामी मे रखा जायेगा। उज्जवल क्वाल्टी जेम्स का हीरा है। जो इस बार की नीलामी मे सबसे अधिक वजन का होगा। 2024 में अभी तक मिले कुल हीरा 59.65 कैरिट हो चुकें है। जिसमें यह सबसे बड़ा हीरा है। इसके पूर्व 9.99, 3.16, 3.10, 6.16, 5.74, 5.65, 6.65 तथा यह हीरा 19.22 का है। कुला मिलाकर 59.65 थान टोटल आठ पीस आगामी निलामी में रखे जायेगें। उक्त हीरा मिलने से गरीब आदिवासी चुनवाद के परिवार खुशी का माहोल है। उसके पुत्र राजू ने बताया कि हीरा की रकम मिलने से बच्चो की अच्छी पढाई करायेगें, मकान बनवायेगें तथा अच्छी जिदंगी जीने का प्रयास करेगें। सभी परिवार में खुशी का माहोल है।

## पुलिस महानिरीक्षक विनीत खन्ना की स्वेच्छिक सेवानिवृति मंजूर



भोपाल। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विनीत खन्ना को वीआरएस देने के मामले में शासन ने हरी झंडी देते हुए, उनका आवेदन स्वीकार कर लिया है। उनको सशर्त वीआरएस दिया गया है। आदेश के अनुसार विनीत खन्ना, भापुसे (2006) को, भारतीय पुलिस सेवा से दिनांक 30.09.2024 (अपरान्ह) से स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति लेने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करता है कि स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकृत होने के पश्चात् वे आगामी एक वर्ष तक किसी व्यावसायिक पद को धारित नहीं करेंगें ।

पुलिस मुख्यालय में पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक (चयन एवं भर्ती ) आईपीएस विनीत खन्ना ने शासन की नौकरी छोड़ने का फैसला किया है , उन्होंने 28 जून को गृह विभाग को स्वैच्छिक सेवा निवृति लेने के लिए आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि वे 30 सितम्बर 2024 से सेवानिवृत्ति चाहते हैं।

## कलेक्टर ने महेबा स्कूल के सहायक ग्रेड 2 को शराब पीकर स्कूल में आने पर किया निलंबित



### -कलेक्टर संदीप जी.आर. के संज्ञान में शराब पिए हुए स्कूल में मौजूदगी का वीडियो आने पर हुई कार्यवाही

**-जांच कराने पर वीडियो पाया गया सही**

**-कलेक्टर ने विभागीय जांच के भी निर्देश दिए**

छतरपुर। शराब पीकर स्कूल में आने पर मुकेश कुमार अहिरवार सहायक ग्रेड-2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेबा को कलेक्टर संदीप जी.आर. ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## महाराजपुर विधायक ने किया गर्रोली समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण





छतरपुर। महाराजपुर क्षेत्र के विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा ने मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना इकाई छतरपुर द्वारा क्रियान्वित गर्रोली समूह चल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान विधायक ग्राम पचवारा में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइप लाइन एवं घर के अंदर नल कनेक्शन के कार्यों का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद विधायक ने जल जल योजना के कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद विधायक ने मऊसहानियां के पास निर्माणाधीन टंकी के कार्य का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत धौरी में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र स्थल का भी विधायक ने निरीक्षण किया एवं एक वृक्ष माँ के नाम पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया। विधायक ने समूह जल प्रदाय योजना के वृहद कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वित इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक लखनलाल तिवारी सहित प्रबंधक, उप प्रबंधक एसक्यूसी टीम एवं टीपीआई टीम तथा निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लगाया बृहद स्वास्थ्य शिविर





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। स्वामी विवेकानंद सोशल एंड वेलफेयर समिति के तत्वाधान में आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक वृहद शिविर गर्भवती महिलाओं के लिए लगाया गया जिसमें राजनगर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 25 से 30 ग्रामों की लगभग 300 गर्भवती माताएं शिविर में पहुंची जिनका डॉक्टरों द्वारा बीपी शुगर ब्लड यूरीन इत्यादि की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दबाए दी गई विवेकानंद समिति ने गर्भवती माता को प्रति महीने वितरित की जाने वाली पोषण सामग्री जिसमें काजू क्रिसमस मखाना छुहारा दलिया शामिल रहता है सभी को दिया शिविर को देखने के लिए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया भी पहुंचे और उन्होंने महिलाओं से बात की और कार्यक्रम पर संतुष्टि जताई उन्होंने कहा ऐसे कार्यक्रम सरकार और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा चलते रहना चाहिए आज के स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरपी गुप्ता डॉक्टर गौरव खरे डॉक्टर आकांक्षा द्विवेदी डॉक्टर दीक्षा भट्ट विकासखंड क्षेत्र की 32 cho सभी आशा कार्यकर्ताएं फार्मासिस्ट अनुपम यादव अंशुल विश्वकर्मा नर्सिंग ऑफिसर गायत्री भास्कर आकांक्षा नायक प्रियंका सोनी मौजूद रही गर्भवती माता की enc चेकअप भी कराया गया।

स्वास्थ्य शिविर में में रितिका ठाकुर संतोष पाटीदार समिति के अध्यक्ष हरगोविंद पांडे अलख राम दुबे सभी ने सहयोग किया डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से गर्भवती महिलाओं को जूस हर्बल चाय पत्ती कोकोनट ऑयल निशुल्क दिया गया मितासो और जस्टिस एसी अग्रवाल ट्रस्ट एवं समिति के उपाध्यक्ष रामनिवास जबर जी का इस कार्यक्रम में निशुल्क सामग्री वितरण के लिए विशेष सहयोग रहा है, शिविर के दौरान पहुंचे राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया एवं कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव की प्रभारी वीणा पानी श्रीवास्तव सृजन संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर शांतनु दुबे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

## ऑनलाइन गेमिंग के दौरान प्यार हो जाने से शादी का प्रस्ताव लेकर युवती के घर पहुंचे युवक की बेरहमी से पिटाई

छतरपुर। शहर के एक युवक की ऑनलाइन गेमिंग के दौरान राजस्थान की एक लड़की से मुलाकात हुई और इसी माध्यम से दोनों की बातचीत प्यार में बदल गई। प्यार इतना गहरा हो गया कि युवक अपनी प्रेमिका के परिजनों से शादी की बात करने उसके घर जा पहुंचा। चूंकि लड़की के परिजनों को यह बात पसंद नहीं आई इसलिए उन्होंने युवक को बंधकर बनाकर घंटों तक उसके साथ भीषण मारपीट की। मारपीट के बाद युवक अपने घर वापिस लौट आया है और छतरपुर पुलिस अधीक्षक को पूरी कहानी बताकर कोतवाली थाने में जीरो पर प्रकरण कायम कराने की मांग की है।



छतरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेहर मोहल्ला निवासी अमन अग्रवाल उम्र 25 वर्ष ने बताया कि वह अक्सर अपने मोबाइल में ऑनलाइन लूडो गेम खेलता था। कुछ माह पहले ऑनलाइन गेमिंग के दौरान राजस्थान के कोटा शहर की रहने वाली प्रियंका पुत्री पुत्री महावीर सैनी से उसकी बातचीत शुरु हुई थी और कुछ दिन बाद ही दोनों का प्रेम-प्रसंग शुरु हो गया था। अमन के मुताबिक गत 21 जुलाई को प्रियंका ने विवाह की इच्छा जाहिर करते हुए उसे कोटा बुलाया था। प्रियंका ने अमन से कहा था कि वह कोटा आकर उसके माता-पिता से मिलकर शादी की बात करे। अमन इसके लिए राजी हो गया और 22 जुलाई को कोटा पहुंचा जहां बस स्टैंड पर प्रियंका के साथ उसके पिता, भाई और चाचा सहित कुछ अन्य लोग पहले से मौजूद थे। अमन का आरोप है कि उक्त लोगों ने बस स्टैंड पर ही उसके साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से भीषण मारपीट की, इस दौरान उसकी प्रेमिका प्रियंका उसे बचाने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन परिजनों के सामने उसकी नहीं चली। मौके पर मौजूद राजस्थान पुलिस के दो पुलिसकर्मी उसे बचाकर थाने ले गए थे, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अमन ने बताया कि जब वह वापिस छतरपुर आने के लिए कोटा बस स्टैंड पर पहुंचा तो प्रियंका के चाचा और भाई उसे बंधक बनाकर अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां उनके द्वारा फिर से मारपीट की गई। किसी तरह अमन अपनी जान बचाकर कोटा से छतरपुर वापिस आया। गुरूवार को अमन ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर कोतवाली थाना में प्रकरण कायम कराने की मांग की है।

# भगवान भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं- एक आशा कार्यकर्ता संभाल रही उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण परेशान





**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। मध्यप्रदेश की मोहन सरकार एक तरफ विकास की बड़ी-बड़ी बातें करती नजर आती है, वहीं दूसरी तरफ आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होती है। शिवराज सरकार में बक्सवाहा ब्लॉक में लगभग 16 उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए थे। हर उप स्वास्थ्य केंद्र में शासन द्वारा तीन पदों पर भर्ती की गई थी, जिनमें एक एमपीडब्ल्यू, एक एएनएम, और एक सीएचओ शामिल थे। लेकिन दो-चार उप स्वास्थ्य केंद्रों को छोड़ दें तो बाकी के अधिकांश केंद्रों में ताला लगा रहता है। अधिकांश गांवों में तो उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों का चेहरा तक गांव वालों ने नहीं देखा है और आज तक वे उन्हें पहचानते भी नहीं हैं।

बक्सवाहा ब्लॉक में सोलह उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिनमें बम्होरी, जैतुपुरा, गडोही, सुनवाहा, निवार, नैनागिर, सौरई, मझगुवां घाटी, देवरी, सैडारा, बाजना, दरगुवां, ढीमरवा, मडदेवरा, पडरिया, और निमानी शामिल हैं। इन सभी केंद्रों की स्थिति अत्यंत खराब है और अधिकांश समय बंद ही रहते हैं। ताजा मामला बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मडदेवरा का है, जहाँ एक आशा कार्यकर्ता के भरोसे उप स्वास्थ्य केंद्र पर काम चल रहा है। यहाँ मरीज इलाज के लिए दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। मडदेवरा ग्राम के भूपेंद्र लोधी ने बताया कि बारिश के कारण आए दिन गाँव में जीव-जंतुओं (सांप - बिच्छू) के काटने से लोगों को इलाज की अत्यधिक जरूरत होती है। लेकिन जब उप स्वास्थ्य केंद्र जाते हैं, तो वहां ताला पड़ा मिलता है।

प्रेमबाई अहिरवार ने बताया कि वह दो दिन से उप स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर काट रही हैं, पर जब भी वहाँ जाती हैं, तो ताला लगा रहता है। इलाज तो दूर की बात, वहाँ कोई मिलता तक नहीं है। वह इतनी सक्षम नहीं हैं कि किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा सकें। अनन्तराम, हल्ले यादव, बालचंद साहू और सत्यम साहू ने भी इसी प्रकार की समस्याओं का सामना किया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब गरीब लोगों की सुध लेता है या फिर किसी बड़ी घटना के होने का इंतजार करेगा। ऐसा पहली बार नहीं है जब लोगों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा हो; समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलने वाली तस्वीरें सामने आती रहती हैं।

उप स्वास्थ्य केंद्र मडदेवरा की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर प्रशासन ने जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों की मांग है कि सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों को नियमित रूप से खोला जाए और वहाँ आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहना पड़े। इस संबंध में बक्सवाहा ब्लॉक के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रविराज का कहना है कि सोलह उप स्वास्थ्य केंद्रों में चौदह सीएचओ पदस्थ थे, जिनमें से चार का स्थानांतरण हो गया है और इस समय सीएचओ की ट्रेनिंग चल रही है। जैसे ही ट्रेनिंग समाप्त होगी और नया स्टाफ आएगा, तो स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से मिलने लगेंगी। फिलहाल जितनी स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सकता है, उसके लिए मैं प्रयास कर रहा हूँ।

## बकस्वाहा जनपद क्षेत्र- सभी पंचायतों में श्मशान घाट की सुविधाओं की कमी से ग्रामीण परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। जनपद क्षेत्र की सभी पंचायतों में श्मशान घाट की सही व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्मशान घाट की दुर्दशा और मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



ग्राम बाजना के हरिजन मोहल्ले में हाल ही में एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जब उनके परिजन और मोहल्ले के लोग अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे, तो वहां की स्थिति देखकर वे स्तब्ध रह गए। श्मशान घाट पर टीन सेट नहीं था और वहां गंदगी फैली हुई थी। बरसात के मौसम में श्मशान घाट के पास पानी भर जाता है, जिसके चलते अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों से श्मशान घाट के निर्माण और सुधार की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि श्मशान घाट में टीन सेट, साफ-सफाई, और पानी निकासी की सुविधा होनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं में लोगों को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने में कठिनाई न हो। वकस्वाहा जनपद क्षेत्र की अन्य पंचायतों में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। हर जगह श्मशान घाट की सुविधाओं की कमी और गंदगी का साम्राज्य है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि श्मशान घाट की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें मजबूर होकर प्रदर्शन करना पड़ेगा।

ग्राम बाजना के हरिजन मोहल्ले के लोगों ने, जैसे मोहन अहिरवार, अशोक अहिरवार, हरिदास, सरजू, रातू, कैलाश, मनोज, बाबूलाल, डमरूआ, गणेश, कन्हैया, संतोष, दशरथ, भूरिया, उत्तम, बहोरा, पप्पू, अच्छे, प्यार और अन्य ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। जनपद सदस्य शकुन मोहन अहिरवार और परिजन हरिदास अहिरवार, अशोक अहिरवार ने मीडिया से बात करते हुए अपनी पीड़ा और नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द वकस्वाहा जनपद क्षेत्र की सभी पंचायतों में श्मशान घाट की सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस संबंध मे जनपद अध्यक्ष रजनी मोती यादव का कहना है की गांवो मे जिन श्मशानघाटो का निर्माण किया गया था वो अब जर्जर हालत मे पहुच गये है सभी गांवो के श्मशानघाटो की जॉच करवा कर नव निर्माण हेतू जिला पंचायत व जनपद पंचायत के अधिकारियों से विचार विमर्श कर कार्रवाई की जाएगी।

# निगम आयुक्त ने प्रातः राजघाट बांध का निरीक्षण किया

## वर्षा ऋतु को देखते हुए जल शुद्धिकरण का कार्य पूरी सावधानी के साथ किया जाए-निगम आयुक्त

*परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शहर की जीवनदायनी राजघाट बाध में विगत दिनों से हो रही वर्षा के कारण पानी आ जाने के कारण अब बाध मे फिर लहरे उठने लगी हैं मानो संकेत दे रही है कि पूरे वर्ष शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राजघाट बांध में पानी आ चुका है, जिसका निरीक्षण करने गुरुवार को सुबह नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री पहुंचे और उन्होंने इंटकवेल से बांध में पानी के भराव को देखा और उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली, उन्होंने रा वॉटर में जल शुद्धीकरण कार्य से संबंधित समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु को देखते पूरी सावधानी के साथ पानी का ट्रीटमेंट किया जाए और निर्धारित मापदंड अनुसार क्लोरीन, ऐलम,और चूना का प्रयोग किया जाये, सप्लाई होने वाले पेयजल का निरंतर परीक्षण करने के साथ ही अन्य जरूरी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रखे जाने की निर्देश दिए हैं।*



जहां-जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं वहां बेरीकेटिंग की जाए--निगमायुक्त ने राजघाट चौराहे पर निर्माण एजेंसी द्वारा खोदी गई रोड का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां-जहां निर्माण कार्य हेतु सड़क या पुलिया बनाई जा रही है या सड़क किनारे जहां भी ऐसा कोई स्थान हो जहां किसी दुर्घटना होने की संभावना हो तो उस स्थान पर बेरिकेट्स या लाल फीता बांधा जाए ताकि नागरिक या वाहन चालक उस स्थान से दूरी बनाकर निकले।

न्यू बस स्टैंड क्रमांक एक पर सुविधाओं के विस्तार हेतु किये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए-- निगमायुक्त ने न्यू आरटीओ कार्यालय के पास न्यू बस स्टैंड क्रमांक 1 पर पहुंचकर यात्री सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित इंजीनियर को निर्देशित किया कि स्टैंड पर सुविधाओं के विस्तार हेतु जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए।

सागर झील की जलकुंभी निकालने के लिए पोकलेन मशीन उतारी- - निगमायुक्त ने सागर झील में शेष बची जलकुंभी को निकालने के लिए पोकलेन मशीन का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए जिससे तालाब में जगह - जगह अथवा किनारों की जलकुंभी को नाव के द्वारा धकेलकर किनारे पर लाया जाए और किनारे से पोकलेन मशीन के द्वारा जलकुंभी को तालाब के बाहर निकालकर सफाई की जाए।

***निगम स्टेडियम के सामने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया***

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निगम स्टेडियम के सामने क्रॉस नाली की सफाई का निरीक्षण किया,जहां नाले के अंदर फंसे कचरे मलवे को निकालने नाले की सफाई कर उसमें बीच-बीच में होल करके जाली लगाई जाना है ताकि उसकी सफाई होती रहे।

# अतिवृष्टि से बिल्धव ग्राम का हुआ सर्वे शुरू

**-अतिवृष्टि से परेशान किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए- प्रभु सिंह ठाकुर**

**-अतिवृष्टि में दबे हुए पशु मवेशियों को शीघ्र बाहर निकल जाए अन्यथा फेल सकती है बीमारियां**

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ विगत पिछले दिनों से आसमान में बादल छाए रहने के बाद बारिश होने से किसानों की मुरझाए चेहरे खिल उठे थे लेकिन सोमवार से लेकर बुधवार तक एकाएक लगातार बारिश होने से बीना ब्लॉक शहर एवं ग्रामीणों में तर्वतर की स्थिति निर्मित हो गई है जिससे कई किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बीना में हो रही अति मूसलाधार बारिश से बीना ब्लॉक के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी है। घरों में पानी भर गया तो कुछ लोग पानी के बीच फंसे गए। जिन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। ऐसा ही मंझर बीना ब्लॉक के ग्राम बिल्धव में जलभराव की स्थिति बनने पर कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ जल भराव एवं नुकसान के सर्वे के निर्देश तत्काल दिए।




जिस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, पटवारी अवध असाटी, पटवारी सुंदरलाल मालवीय, पटवारी भरत दागीं, पटवारी सुदीप चौबे एवं राजस्व अमले के साथ घर-घर में हुए नुकसान का जायजा लेते हुए देखे गए, वही पशु चिकित्सा अधिकारी प्रेरणा ठाकुर के साथ संतोष राजपूत, श्री राम सेन पशुओं के हुए नुकसान का घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की।

ग्राम बिल्धव के बुजुर्ग प्रभु दयाल काकू का कहना है 1983 के बाद इस तरह कि बारिश का नजारा देखने को मिला । लेकिन इस बार जिस तरह का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई होना बहुत मुश्किल है। हमारे बीना संवाददाता राजेश बबेले ने ग्राम बिल्धव का दौरा किया जहां पर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह सिंह यादव, किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ग्रामीण जनों से सतत संपर्क किया और उनके दुख दर्द में सहभागिता निभाते हुए उन्होंने तत्काल एसडीएम से फोन पर चर्चा की और कि यहां के लोगों की अनाज पूरी तरह गीला हो चुका है, जो अंकुरित भी हो चुके, ऐसे में किसान काफी परेशान हैं, ना तो लकड़ी कन्डे सभी गीले हो चुके जिस पर उनके लिए तत्काल भोजन की व्यवस्था करवाई जाए।

***कई पशु मवेशी मिट्टी में दबे होने से फैल सकती है बीमारियां***

बिल्धव में अनेक ऐसे मकान है जो अतिवृष्टि के कारण गिर गए जिनके नीचे गाय और भैंस भी दबी हुई हैं यदि प्रशासन ने समय रहते उन्हें बाहर नहीं निकलवाया तो फैल सकती है गंभीर बीमारियां, ग्रामीण जनों का कहना है की लगभग 60 से 70 पशु अभी भी गायब हैं।

## विधायक शैलेंद्र जैन ने कलेक्टर, निगम अध्यक्ष एवं निगम आयुक्त के साथ जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण



परिहार गर्जना न्यूज। सागर।विधायक शैलेंद्र जैन ने जिला कलेक्टर दीपक आर्य,निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवम नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ पगारा रोड स्थित निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया,उल्लेखनीय है कि विगत 2,3 दिनों से हो रही अतिवृष्टि के कारण पगारा रोड स्थित शास्त्री वार्ड एवं सुभाषनगर वार्ड में काफी जल भराव हो गया था इससे अनेकों घरों के अंदर पानी भर गया था और लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था,इसकी वजह को जानने और उसके निराकरण के उद्देश्य से आज वहां पहुंचकर अधिकारियों को मौके पर स्थित अतिक्रमण को हटाने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के इंजीनियर सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

## गांधी वार्ड के लोगों द्वारा एप्रोच रोड की मांग की जा रही वह रेलवे एरिया है फिर भी मेरी कोशिश जारी शीघ्र एप्रोच रोड बने-लता सकवार

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि गांधी वार्ड के पास नव निर्मित आरओबी 307 के पास वार्ड वासियों द्वारा जो एप्रोच रोड निर्माण की मांग की जा रही है।



उस संबंध में आप सभी के माध्यम से मैं बताना चाहती हूं कि बाय एप्रोच रोड रेलवे के क्षेत्र में आती है एवं वह नगर निकाय के अंतर्गत नहीं आती है परंतु फिर भी मेरे द्वारा हर संभव प्रयास उस एप्रोच रोड को बनवाने के लिए किया जा रहा हैं, मैंने आरओबी का काम देख रही इंजीनियर साधना सिंह से बात की है जिस पर उन्होंने एक माह के अंदर रोड निर्माण करने के लिए मुझे बोला है । नगर पालिका से भी उक्त स्थान पर चचरी डलवाई जा रही है जिससे वहां के लोगों को आवागमन में सरलता होगी, साथ ही नगर में कोपरा डलवाने के लिए टेंडर में लेट लतीफी हुई है जिसकी जानाकारी मेने इंजीनियर से मांगी है।

## ट्रेन से गिरा युवकः अस्पताल में भर्ती, बीना के सागर गेट के पास की घटना

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरा युवक अस्पताल में किया गया भर्ती, बीना के सागर गेट के पास की घटना सागर गेट के पास ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्री ट्रेन से कैसे गिरा इसका कारण अज्ञात है।




मिली जानकारी के मुताबिक, श्रीकांत पिता विद्याभूषण पटैरिया (30) निवासी गुलगंज ट्रेन से भिलाई से सागर की यात्रा कर रहा था। उसे छतरपुर की यात्रा करनी थी। चलती ट्रेन से युवक सागर गेट के पास गिर गया। युवक ट्रेन से कैसे गिरा इसका कारण अज्ञात है। लोगों ने इसकी जानकार 108 एम्बुलेंस के लिए दी, जिसमें ड्यूटी पर मौजूद इएमटी राम पटेल, पायलट यशपाल घोषी ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज किया गया।

# तानाशाही सीएमओ की बदस्तूर जारी, कह-कहकर हारी जनता बेचारी

## नपा अध्यक्ष ने सीएमओ के खिलाफ की मंत्री से शिकायत

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जनता द्वारा चुने गए नगरपालिका के जनप्रतिनिधि से लेकर अध्यक्ष तक की सीएमओ के आगे एक नहीं चल रही है। ऐसे में जनता की फिर कौन सुने। न तो पीने के लिए साफ-सुथरा पानी मिल रहा है और न ही शहर की ठीक ठाक सफाई हो रही है। बरसात में मच्छरों एवं कीड़ों की भरमार हो गई है। ऐसे में लोगों का बीमार होना लाजमी है। प्रदेश में यदि सबसे खराब स्थिति की बात की जाए, तो टीकमगढ़ अब्बल दर्जे का साबित होगा। आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी अधिकारी के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वह अनियमितताएं और लापरवाही करने से तनिक भी नहीं हिचकिचा रही हैं। परिषद एवं अधिकारी के बीच तालमेल न होने का खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है। अध्यक्ष और सीएमओ सहित परिषद सदस्यों की भी अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। अपनी ढपली-अपना राग आलपने में लगे अधिकारी को हटाए जाने के स्वर लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सफाई वाहनों एवं दमकलों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। डीजल-पैट्रोल का फर्जी भुगतान और पार्कों की दुर्दशा के साथ ही स्ट्रीट लाइट ठप होने से आम नागरिकों में नाराजगी बनी हुई है। बताया गया है कि तमाम खामियों एवं अधिकारी की उदासीनता के चलते नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने सीएमओ की भोपाल तक शिकायत कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बताया गया है कि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को गीता मांझी मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ से परेशान



जन जीवन एवं कार्यों की जांच हेतु सभी 26 पार्षदों द्वारा कार्यवाही की मांग को लेकर पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि टीकमगढ़ नगर पालिका में विगत दो वर्षों से पदस्थ गीता माझी मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा लगातार परिषद की अवमानना के साथ शासकीय राशि का दुरुपयोग कर अनुचित कार्य किये गये हैं। एक ही दिन में बैंक से लाखों के पेमेंट के साथ अनेकों अनिमितताओं के कार्य यहां तक कि विधानसभा सचिवालय को भी गलत जानकारियां प्रश्नोत्तर में भेजी गई हैं। विगत दो वर्षों के कार्यकाल में नगर विकास अवरुद्ध ही नहीं शून्य हो गया है, जिससे नगरवासियों में भी भारी असंतोष है और साथ ही साथ राजस्व की हानि एवं कार्यालीन व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई है। पत्र में कहा गया है कि जिस प्रकार से मप्र शासन के स्थानांतरण आदेशों पर बार-बार हाईकोर्ट से स्टे ले आना यह सब निश्चित ही जन भावनाओं के विपरीत है। विषयात्मक विभिन्न स्थिति से नगरीय प्रशासन विभाग को नगर पालिका टीकमगढ़ में जिस प्रकार से अनिमितताओं का उजागर होना तदैव मैने समय-समय पर पत्राचार के माध्यम से ध्यान आपेक्षित किया, साथ ही यह समाचार पत्रक भी सलंग्न है।

***पार्षदों ने सीएमओ को हटाने प्रदर्शन कर सौंपा पत्र-***

आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग दिनांक 23 मार्च 2024 को अध्यक्ष नगरपालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा जांच के बिन्दुओं सहित एवं 18 जुलाई 2024 को भी पत्राचार किया, लेकिन समयानुसार कार्यवाही न होने से वर्तमान में पार्षदगणों ने दिये विशेष बैठक के पत्र पर जिस प्रकार से 16 जुलाई 2024 को गीता माझी द्वारा पत्रोत्तर क्रमांक 1442 में जिस भाषा का उपयोग किया है, वह भी चिन्तनीय है, जवाब भी पत्र के साथ संलग्न किया गया है। अत: हम सभी नगर पालिका परिषद के पार्षदों द्वारा यह प्रस्ताव आपके समक्ष भेजा जा रहा है, ताकि शासन की भावनाओं अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था मे सुधार हो सके। श्री मलिक ने कहा है कि आशा है शीघ्रातिशीघ्र इस तरह के जन विरोधी, शासन विरोधी अधिकारी की जांच व कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है।

# फिर बरपाया हरपुरा नहर ने कहर, टूटने से भरा खेतों में पानी

## सरकारी धन का बंदरबांट होने से नहर का हुआ बंटाधार



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के चंदेल और बुंदेल कालीन तालाबों को भरने के लिए बनाई गई हरपुरा नहर गुरुवार को क्षतिग्रस्त हो गई। बौरी गांव के पास नहर का बड़ा हिस्सा टूट जाने से किसानों के खेतों में पानी भर गया है। दर्जनों किसानों की फसलें बर्बाद होने का अनुमान है। करीब 1 साल पहले नहर की रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया था। बताया गया है कि साल 2012 में जिले के 14 प्राचीन तालाबों को भरने के लिए टीकमगढ़ में प्रदेश की पहली नदी तालाब जोड़ो योजना शुरू की गई थी। परियोजना के तहत हरपुरा गांव के पास जामनी नदी से मोहनगढ़ तक नहर का निर्माण शुरू किया गया। प्रदेश के तत्कालीन वित्त मंत्री जयंत मलैया ने हरपुरा गांव के पास 41 करोड़ की लागत से नहर परियोजना का भूमि पूजन किया था। नहर के निर्माण में करीब 2 साल का समय लगा, लेकिन निर्माण एजेंसी सारथी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नहर की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते पिछले 12 सालों के दौरान कई बार नहर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नहर निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों के चलते 1 साल पहले नहर की रिपेयरिंग के लिए करीब 10 करोड रुपए का टेंडर जारी किया गया था। पिछले 1 साल से नहर की रिपेयरिंग का काम चल रहा है। इस दौरान गुरुवार को एक बार फिर बौरी गांव के पास नहर टूट गई और बड़ी मात्रा में पानी बहकर किसानों के खेतों में भर गया है।

***नहर के निर्माण हुई गड़बड़ी-***

समाजसेवी सुरेश दौंदेरिया ने बताया कि हरपुरा नहर के निर्माण में तकनीकी खामियां हैं। कई जगह नहर ऊंची कर दी गई। जिससे पानी का बहाव रुक जाता है। नहर बार-बार क्षतिग्रस्त होने से किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है।

***इन तालाबों तक नहीं पहुंच रहा पानी-***

हरपुर नहर परियोजना से जिले के 14 तालाबों को भरा जाना था। इनमें हनुमान सागर, जगत नगर गांव के दो, पूर्वी गोर गांव के दो, दरगाय कला, दरगाएं खुर्द, मोहनगढ़, कुम्हेडी, अर्चरा और वृषभानपुरा तालाब शामिल हैं। नहर निर्माण के 10 साल बाद भी ज्यादातर तालाबों तक नहर से पानी नहीं पहुंचा है।

# राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जनपद पंचायत पलेरा क्षेत्र में गरूवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में राजस्व अभियान 2.0 के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार पलेरा डॉ. अवंतिका तिवारी ने ग्राम दिनऊ, सिमरा खुर्द, गोवा तथा तहसीलदार जतारा श्रीमती बंदना सिंह ने ग्राम जरूवा, सिमरिया, देवराहा में समग्र ई-केवाईसी कार्य एवं राजस्व अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक



निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि इस दौरान राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती आदि का निराकरण किया जाये। साथ ही उन्होंने समस्त नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमसी पर दर्ज कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य शीघ्र और अच्छा हो। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को स्वामित्व योजना का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# कलेक्टर एवं एसपी ने सभी से त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील

## आगामी पर्व/त्यौहारों के मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित

टीकमगढ़, 25 जुलाई 2024/ कलेक्टर श्री अवधेष शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काषवानी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आगामी पर्व/त्यौहारों के मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष श्री अब्दुल गफ्फार मलिक, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, अपर कलेक्टर श्री पीएस चौहान, एएसपी श्री सीताराम ससत्या, एसडीएम टीकमगढ़ श्री संजय दुबे सहित संबंधित पुलिस अधिकारी, प्रषासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील करते हुए त्यौहारों की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से सद्भावना एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व/त्यौहारों के अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत वायर सुरक्षा हेतु हाइट रस्ट्रिक्शन लगाये जायेंगे। इस हेतु विभाग द्वारा कार्यक्रम से पहले मॉक ड्रिल की जाये, जिससे सुरक्षात्मक उपाय किया जा सके और सर्विस वायर ब्रेक नहीं हों। उन्होंने निर्देषित किया कि नदी/नालों के पास पुलिस बल की तैनाती की जाये। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्था की जाये। आयोजन स्थलों पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाये।

पुलिस अधीक्षक श्री काषवानी ने कहा कि सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाया जाये। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने बताया कि ताजिया और मूर्ति की जमीन से हाईट 15 फीट रखी जाये। जुलूस से सम्बंधित पक्ष के 10-10 लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों के सम्पूर्ण होने के अलगे दिन सभी मिलकर सफाई करेंगे और समीक्षा बैठक अगले ही दिन आयोजित किया जायेगी। साथ ही उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि डीजे बजाने की अनुमति रात्रि 10 बजे तक ही रहेगी तथा डीजे में 2 बॉक्स का उपयोग किया जाये। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे, जिसके संबंध में व्यावहारिक कार्यवाही करने की बात कही गई।

# पन्ना टाईगर रिजर्व के किशनगढ़ बफर क्षेत्र में लगातार चल रहा फर्जीवाड़ा

## मिश्रित वृक्षारोपण के नाम पर लाखों के बजट का घोटाला, नहीं लगे पौधे निकल गई राशि



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन की किशनगढ़ रेंज के तहत 50 हैक्टेयर रकबा में 25 हजार पौधों का रोपण किया गया है। इस पौध रोपण पर प्रति एकड़ करीब 2 लाख रुपए खर्च किए जा रहा हैं। इसमें पहले साल के लिए स्वीकृत राशि खर्च कर दी गई है। इसके बावजूद रोपे गए ज्यादातर पौधे एक साल में ही गायब हो गए हैं। बफर जोन की किशनगढ़ रेंज के तहत राईपुरा बीट के कक्ष क्रमांक पी- 454 के तहत 50 हैक्टेयर में पौधरोपण किया जा रहा है। मिश्रित वृक्षारोपण योजना के तहत वर्ष 2023-24 में गड्ढा करके 25 हजार पौधों का रोपण किया गया है। स्वीकृत परियोजना के तहत इन पौधों के रखरखाव के नाम पर 10 सालों तक राशि खर्च की जाना है, लेकिन इनमें से ज्यादातर पौधे पहले साल में ही खराब हो गए हैं। तार फेंसिंग निकालकर खकरी बनाने के नाम पर राशि का जमकर दुरुपयोग किया गया है। जिस स्थान पर प्लांटेशन को मंजूर किया गया है। उस स्थान पर विभाग ने अन्य प्रोजेक्ट के तहत तार फेंसिंग करके राशि को खर्च किया। इसके बाद उसी स्थान पर अब पत्थरों की नई खकरी बना दी गई है। इस कारण तार फेंसिंग को निकालकर फेंक दिया गया है अब भी तार मौके पर पड़े हुए हैं। 600 मीटर लंबाई में खकरी बनाकर राशि को बर्बाद किया गया है। इसके पूर्व ही इसी प्रकार का मामला सामने आया था। लेकिन उसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबंधित वन परिक्षेत्राधिकारी पर कोई कार्यवाही नही की गई तथा तत्कालीन रेन्जर का स्थानान्तरण भी हो चुका है। अब यह कारनामा नवागत रेन्जर प्रतीक अग्रवाल का सामने आया है। जिनके द्वारा भी वन विभाग की योजनाओं मे फर्जीवाडा प्रारंभ कर दिया गया है।

***इनका कहना है***

-पच्चीस हजार गड्ढों की गिनती करने के बाद पौधों का रोपण किया गया है। परियोजना में तार फेंसिंग और पत्थरों की खकरी दोनों स्वीकृत हैं। इसी कारण पुरानी तार फेंसिंग को हटाकर पत्थरों की खकरी को बनाया गया है।

***प्रतीक अग्रवाल, रेंजर बफर जोन किशनगढ़ रेंज***

राईपुरा बीट की परियोजना 10 साल के लिए स्वीकृत है। पहले साल में 20 फीसदी पौध सूख सकते हैं। इसके लिए दूसरे साल में बजट रखा गया है। पौधों की गिनती कराई जाएगी, यदि मे इसमें गड़बड़ी पाई जायेगी तो संबंधित रेन्जर पर कार्यवाही की जायेगी।

***अंजना सुचिता तिर्की, फील्ड डायरेक्टर, पन्ना टाइगर रिजर्व***

# जिला पंचातय सीईओं ने विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिवो से वसूले इकसठ लाख

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो द्वारा शासकीय राशि में किये गये फर्जीवाड़े को लेकर जिला पंचायत सीईओं संघ प्रिय ने कार्यवाही करते हुए सभी जनपद पंचायतो में 46 ग्राम पंचायतो से 61 लाख 23 हजार 225 रूपये की राशि वसूल कराकर पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत जमा कराई गई है। जिनमें शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ताला से दो लाख 94 हजार 2 सौ, सुडोर से 5 लाख 50 हजार 6 सौ, मलघन से 2450, जरगंवा से 22 हजार 90, इसी प्रकार पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत उडला से 30 हजार 800, मोहन्द्रा के दो प्रकरणो में 3 लाख 61 हजार 260 तथा 5890 मुराछ 57 हजार 740, झिराटा 50 हजार 375, घुटेही 70 हजार, उमडी 1 लाख 75 हजार 755, मुरकुछु 8570, इसी प्रकार पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गहरा एन एम डी सी 2 लाख 5 हजार 420, मडला 1 लाख 91 हजार, बडगडी खुर्द 10 लाख 4 हजार 500, समाना 2 लाख 30 हजार, उमरी 1 लाख 70 हजार बरबसपुरा 6200, बड़ा गांव 47500, भठहर मेघा 1 लाख 61 हजार, इसी प्रकार जनपद पंचायत अजयगढ की ग्राम पंचायत भसूड़ा से 2 लाख 40 हजार, देवलपुर दो प्रकरणो में 45 हजार 600, मोहाना 1 लाख 31 हजार 580, राजापुर 1 लाख 50 हजार, बीहर सरवरिया दो लाख 85 हजार 260, मडरका 31370, नरदहा 2 लाख 21600, मोहाना 1 लाख 67 हजार 350, नवस्ता 7310, नयागांव 29088, सिद्धपुर 1050, भसूडा 4800, बाराकगरे का 2520, पडरहा 30 हजार, उदयपुर 1032, भैरहा 2500, इसी प्रकार जनपद पंचायत गुनौर में हिनौती 11 हजार, बलगहा 2316, बमुरहा 17 हजार 100, कमताना 4 लाख 29 हजार 900, छिछौरा 83 हजार 70, इमलिया भूरे खा 1 लाख 4 हजार 265, ढिघोरा 10 हजार, पटना तमोली 24 हजार 900, कठवरिया 4 लाख 70 हजार 7 रूपये की वसूली राशि विभिन्न निर्माण कार्यो जैसे प्रन्द्रहवें वित्त, तालाब जीर्णोदधार, कपिल धारा कूप, शांति धाम, नाली निर्माण, प्रधानमंत्री आवस, आगनवाड़ी भवन, कूप निर्माण सहित अनेक कार्यो की राशि में सरपंच सचिव उपयंत्रीयों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा के चलते बिना कार्य कराये राशि खर्च कर दी गई थी। शिकायत मिलने के पश्चात् संबंधितो की जांच कराकर वसूली कार्यवाही की गई है तथा वर्ष 2021 से लंबित प्रकरणो में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय द्वारा कार्यवाही की गई है।




# कलेक्टर ने भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

## राजस्व महाअभियान 2.0 में प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को गुनौर, पवई, शाहनगर एवं अमानगंज पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय सहित दूर-दराज क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं व गतिविधियों के क्रियान्वयन का जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान समस्त राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत अपने-अपने मुख्यालयों पर रहकर समस्त प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान अंतर्गत राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 45 दिन सुनिश्चित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत सभी लंबित एवं वर्तमान में आने वाले प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण के साथ ही अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने व नक्शा दुरूस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाना है। कलेक्टर ने वर्षाकाल के दृष्टिगत बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार का भी पूरा प्रबंध करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कुमार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिम्मेवारी के साथ दायित्वों को निर्वहन कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार किसानों के खसरा ई-केवायसी एवं आधार लिंकिंग कार्यवाही भी समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। तहसील कार्यालय में बैठक कर वर्षा की स्थिति, बोवनी, खाद व बीज की उपलब्धता सहित विभिन्न लंबित व निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। बाढ़ राहत व बचाव कार्य के संबंध में की गई तैयारियों और ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा तथा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्परतापूर्वक कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया। तहसील व एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण कर दस्तावेज व अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान सभी दस्तावेजों के व्यवस्थित रूप से संधारण के लिए कहा। तहसील में आयोजित बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। गुनौर में पैदल भ्रमण कर किया दुकानों का निरीक्षण कलेक्टर ने गुनौर में जनभागीदारी से निर्मित 165 दुकानों के निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की व स्वयं बाजार में पैदल भ्रमण कर दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों से भी चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों से भेंट कर किसी भी प्रकार की प्रशासनिक स्तर की समस्या के तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामनिवास चौधरी, तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, प्रीती पंथी, कोमल सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## जेपी सोनकर पीडब्लूडी तथा बीके त्रिपाठी पीआईयू के कार्यपालन यंत्री बने

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा पन्ना में पदस्थ दो कार्यपालन यंत्रीयों की पन्ना में ही अदला बदली की गई है। जिसमें प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण के पद पर पदस्थ रहें बीके त्रिपाठी को संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग (पीआईयू भवन) पदस्थ किया गया है तथा अभी तक संभागीय यंत्री पीआईयू भवन के पद पर पदस्थ रहें जेपी सोनकर को संभागीय कार्यालय लोक निर्माण विभाग में कार्यपालन यंत्री का दायित्व सौपा गया है।

# किसान की जमीन पर किया जबरजस्ती कब्जा


## -सीमा चिन्हो को नष्ट कर कराई जोताई

## -कलेक्टर से न्याय की लगाई गुहार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के टिकुरिया मोहल्ला निवासी नरेन्द्र कुमार दीक्षित ने जिला कलेक्टर के नाम अपर कलेक्ट नीलाम्बर मिश्र को दिये आवेदन मे बताया कि मेरी कृषी भूमि खसरा क्रमांक 162/2, 199 रकवा क्रमांक 0.18, 1.42 हैक्टेयर जो ग्राम खरगुंवा पटवारी हल्का बिलखुरा तहसील पन्ना में स्थित है। उक्त कृषी भूमि आवेदक की पुस्तैनी है, तथा मालकाना स्वामित्व स्वयित्व की भूमि है। जिसका मेरे द्वारा दिनांक 25 जून 2024 को सीमांकन भी कराया गया था एवं हल्का पटवारी व राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमा चिन्ह निर्मित कराये गये थे। उक्त सीमा चिन्हो को पन्ना निवासी सौरभ शर्मा की सलाह व सहयोग से राजनैतिक पकड़ रखने वाले लक्ष्मीकान्त शर्मा एवं गौरव शर्मा के द्वारा नष्ट कर दिया गया है तथा खेत को जुतवा दिया गया है। किसान नरेन्द्र दीक्षित ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया कि राजनैतिक पकड़ के चलते लक्ष्मीकांत शर्मा अनावश्यक रूप से परेशान भी कर रहें है। आवेदक ने जिला कलेक्टर से संबंधितो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा न्याय दिलाये जाने की मांग की है। आवेदक ने उक्त मामले को लेकर संबंधितो के खिलाफ थाना बृजपुर में भी आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।



# सड़क पर लग रहे बाजार को हाट बाजार में शिफ्ट करने पर व्यापारियों में आक्रोश, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज।नोहटा। दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे स्थित ग्राम नोहटा में सड़क पर हाट बाजार लगाने से बिगड़ते हालात की वजह से जहां जाम की समस्या बनी हुई थी और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी जिसको लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा अलॉटमेंट करते हुए सड़क पर लग रहे बाजार को नवनिर्मित हाट बाजार आईटीआई आदिश्वर गिरी मैं शिफ्ट करने का निर्णय लिया था और आज से नोहटा में लगाने साप्ताहिक बाजार को हॉट बाजार में शिफ्ट किया गया था जिसका बड़ी संख्या में व्यापारियों ने विरोध करते हुए नोहटा थाने पहुंच कर नायब तहसीलदार राजेश साहू को ज्ञापन सौंपा है व्यापारियों का कहना है नवनिर्मित हाट बाजार बहुत ऊंचाई पर स्थित है जहां तक जाने के लिए व्यापारियों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और मालवाहक गाड़ी वहां ऊंचाई पर बने है बाजार से अनायास दुर्घटनाग्रस्त होते हैं तो या तो नदी की गहराई में समा जाएंगे या फिर पहाड़ी से नीचे गिर जाएंगे जिसका डर व्यापारियों और आम लोगों में बना हुआ है इस कारण नवनिर्मित है बाजार की ऊंची चढ़ाई पर कोई जाना नहीं चाहता है वही हॉट बाजार में व्यापारियों के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं है कुछ व्यापारियों का कहना है आज है बाजार में दुकान शिफ्ट की गई थी लेकिन ग्राहक नहीं पहुंचे जिससे उनके सामान की बिक्री नही और समान है बाजार तक ले जाने का भाड़ा भी नही निकला है ऐसे में हम लोग हॉट बाजार में दुकान नहीं लगाना चाहते हैं या तो हमें यथावत बाजार लगाने दिया जाए या फिर नोहटा नालेश्वर मंदिर के मेला ग्राउंड को हॉट बाजार के लिए चिन्हित किया जाए और वहीं पर हाट बाजार लगवाया जाए ताकि व्यापारियों को दुकान लगाने में सहूलियत हो और ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो व्यापारियों की मांग ज्ञापन लेते हुए नायब तहसीलदार राजेश साहू ने व्यापारियों की मांग से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाते हुए व्यापारियों की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है लेकिन जब कोई बाजार लगाने नई व्यवस्था नहीं बनती है तब तक ग्राम पंचायत ग्राउंड में बाजार लगा सकते हैं लेकिन सड़क पर किसी भी हालत में बाजार की दुकानें लगाने की अनुमति व्यापारियों को नहीं दी गई है ।

बता दे नोहटा ग्राम ने सड़क पर साप्ताहिक बाजार लगने की वजह से 20 जून को जाम फंसे बाइक सवार दंपति की ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई थी और भी कई दुर्घटनाएं सड़क पर लग रहे बाजार की वजह नोहटा ग्राम में हो चुकी है जिसके चलते ग्राम पंचायत प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने




दुर्घटनाएं रोकने एवं जाम की समस्या केंद्र सड़क सड़क पर लग रईस साप्ताहिक बाजार को हाट बाजार में शिफ्ट करने का निर्णय लिया था लेकिन नव निर्मित हॉट बाजार को गलत जगह बनाने की वजह से यह स्तिथि निर्मित हो रही है जहां पर व्यापारी दुकानें लगाना नही चाहते है और हाट बाजार के लिए सुविधाजनक जगह चिन्हित करने की मांग कर रहे है जिसमें नोहलेश्वर मदिर के पास मेला ग्राउंड में बाजार मांग कर रहे है जो की फारेस्ट की भूमि है जिसके लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी है।

नायब तहसीलदार राजेश साहू का कहना है नोहटा ग्राम की सड़क पर व्यापारियों के द्वारा साप्ताहिक बाजार की दुकान लगाई जा रही थी जिससे जाम लग रहा था दुर्घटनाऐं घटित हो रही थी जिसके चलते ग्राम पंचायत केद्वारा सड़क पर लग रही दुकानों को हाट बाजार में शिफ्ट करने के लिए एलाउंसमेंट किया था और आज साप्ताहिक बाजार हाट में बाजार लगाया लेकिन व्यापारियों को ऊंचाई पर पहाड़ी में स्थित साप्ताहिक बाजार में दुकानें लगाने से परेशानियां हो रही थी व्यापारियों के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अपनी परेशानियां बताई गई व्यापारियों की समस्या से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण करवाने का प्रयास किया जाएगा लेकिन जब तक साप्ताहिक बाजार के लिए जगह चिन्हित नहीं होती है व्यापारी सड़क से हटकर ग्राम पंचायत के पास दुकान लगा सकते हैं लेकिन सड़क पर दुकान लगाने की किसी को अनुमति नहीं दी गई है।

## प्रशासन का यह एक अच्छा प्रयास रहा की सत्र के शुरुआत में ही सभी विद्यार्थियों के पास किताबें हैं-कलेक्टर श्री कोचर

**-पुराने कमरों की एक हफ्ते के अंदर क्षतिग्रस्तता की कार्यवाही कंप्लीट कर ली जाये, कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन चखा**

**-स्कूल में आने का रास्ता ना होने पर सीईओ जनपद पथरिया को सड़क का स्टीमेट तैयार करने दिये निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 25 जुलाई। आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम सूखा के मिडिल स्कूल और हाई स्कूल का भ्रमण किया, मिडिल स्कूल में विद्यार्थियों से चर्चा की स्कूल के टाइम टेबिल के बारे में चर्चा की देखने में आया है कि सभी बच्चों के पास किताबें बराबर पहुंची है। उन्होंने कहा प्रशासन का यह एक अच्छा प्रयास रहा है की सत्र के शुरुआत में ही सभी विद्यार्थियों के पास किताबें हैं, कहीं से शिकायत नहीं है कि विद्यार्थियों को किताब नहीं मिली है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज ग्राम सूखा में मिडिल स्कूल और हाई स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया।



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यद्यपि कुछ विद्यार्थी गणवेश में नहीं दिखे इसके लिए इन्हें निर्देशित किया है कि जिन विद्यार्थियों के माता-पिता के खाते में गणवेश की राशि नहीं पहुंची है और वे शिकायत कर रहे हैं, उनके खातों में अविलंब राशि पहुंचाई जाए और जिनके खातों में राशि पहुंच गई है, लेकिन उन्होंने अभी तक गणवेश नहीं सिलवाए हैं, उनको पेरेंट्स टीचर मीटिंग में अभिभावकों को लगातार बताया जाए, घर तक संदेश पहुंचाया जाए, पेरेंट्स से कहा जाये कि जल्दी से जल्दी बच्चों की ड्रेस बनवाएं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा वहां पर मध्यान भोजन देखा है, क्वालिटी ठीक लगी है। इसके अलावा वहां पर सीएसआर मद में कुछ कमरे बनने हैं, उसके लिए दो पुराने कमरे जो की पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनको तोड़कर के उसी जगह पर बनाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि एक हफ्ते के अंदर क्षतिग्रस्तता की कार्यवाही कंप्लीट कर ली जाए, ताकि नए चार कमरे जो सीएसआर से बनने हैं, उनका निर्माण कार्य पूरा हो सकें। उन्होंने कहा यहां पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि स्कूल में आने का रास्ता नहीं है, कई गांव के छात्र यहां आते हैं और रास्ता न होने के कारण दो बड़ी समस्याएं खड़ी हो गई है, पहला तो स्कूल में एडमिशन कम हो गये हैं और दूसरी समस्या यह है कि जो छात्र आ भी रहे हैं, उनमें से कोई खेतों की मेड़ पर से आ रहा है, तो कोई पानी में से आ रहा है। ऐसी स्थिति में बरसात के मौसम में कई तरह के जोखिम होते हैं, यह बिल्कुल भी उचित स्थिति नहीं है। इसके लिए कलेक्टर श्री कोचर ने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं, यहां आकर सड़क का एस्टीमेट तैयार करायें। इसके लिए हम जल्दी से जल्दी प्रयास करेंगे, पानी थोड़ा सा स्थिर हो उसके बाद इस पर काम शुरू कराया जायेगा।

## कलेक्टर श्री कोचर पहुंचे पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

**-प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत शिविर का लिया जायजा**

**-व्यवस्थाएं सुदृढ़, सुनिश्चित करने दिये निर्देश**

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज अपने भ्रमण के दौरान जिले की तहसील पथरिया पहुंचे। यहां उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनरल वार्ड और प्रसूति कक्ष का जायजा लिया और कहा व्यवस्था ठीक की जाए। शिविर में व्यवस्थाएं सुदृढ़ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 25 तारीख को रहता है, इसको देखने के लिए कलेक्टर श्री कोचर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया आये थे, यहां पर सारी व्यवस्थाएं देखी, जनरल वार्ड और प्रसूति कक्ष से लेकर के महिलाओं को मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत जो पूरा प्रोटोकॉल है उसके अंतर्गत पूरी व्यवस्थाएं देखी । कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जितनी महिलाओं को आना था उतनी महिलाएं शिविर में नहीं आ पाई है, हम महिलाओं को नहीं ला पाए, जो महिलाएं नहीं आना चाहती थी उनको हमारी टीम जाकर समझा सकती थी, बता सकती थी कि वह यहां पर आएं और यदि नहीं आ पाती तो फिर हम वहां जाकर उनके चेकअप की व्यवस्था करते, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं कर पाए। उन्होंने कहा सबसे बड़ा इशू है की हाई रिस्क महिलाएं और नॉर्मल महिलाओं में अंतर नहीं कर पाते हैं, हाई रिस्क महिला जब आती है तो उनको प्रेफरेंशियल ट्रीटमेंट देना चाहिए ताकि उनको जल्दी से ट्रीटमेंट मिले और उनकी समय पर सारी जांच हो जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देश दिए व्यवस्था ठीक की जाए। यहां पर बैठने की समुचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने सीबीएमओ डॉ मिंज को आगामी केम्प की और बेहतर तथा सुदृढ़ व्यवस्था के निर्देश दिये।

## राज्यमंत्री श्री अग्रवाल आज दमोह आयेंगे

दमोह। उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं प्रभारी मंत्री जनपद बिजनौर, हापुड़ कपिल देव अग्रवाल आज 26 जुलाई की प्रातः 3.45 बजे दमोह रेल्वे स्टेशन आयेंगे और सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। राज्यमंत्री श्री अग्रवाल प्रातः 10.30 बजे भाजपा कार्यालय दमोह में कार्यकर्तााओं के साथ भेंटवार्ता में शामिल होंगे। आप दोपहर 12 बजे सर्किट हाऊस पहुंचेंगे, दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। राज्यमंत्री श्री अग्रवाल शाम 5.30 बजे दमोह से रेल्वे स्टेशन से गौडवाना एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

# अवैध रूप से किया जा रहा था कीटनाशक दवा का व्यापार, कृषि विभाग ने सील की दुकान




**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाडी। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते जिला मुख्यालय पर कीटनाशक दबा एवं बीज का अवैध व्यापार खुलेआम किया जा रहा था जिसकी कई शिकायतें किसानों के द्वारा की गई थी लेकिन शिकायतों के बावजूद भी बीज एवं कीटनाशक दवा के विक्रेता अमानक बीज एवं नकली दवा का विक्रय कर रहे थे और जब आज जिले के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के संज्ञान में नकली दवा एवं अमानक बीज विक्रय होने की जानकारी पहुंची तो कलेक्टर श्री विश्वकर्मा से प्राप्त दिशा निर्देशों के बाद कृषि विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित कई कीटनाशक दवा एवं बीज विक्रेताओं की दुकान सील की गई। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार कुछ दुकानों के संबंध में तो यह भी बताया गया कि एक लाइसेंस पर तीन दुकानें संचालित की जा रही थी और तीनों ही दुकानों पर भारी मात्रा में नकली दवा एवं अमानक बीज का विक्रय किया जा रहा था जिसके चलते अमानक बीज और नकली कीटनाशक दवा का उपयोग करने से किसानो की मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा था। ऐसी चर्चाएं नगर में बताई जा रही हैं कि लाइसेंस प्रदान करने की कार्यवाही टीकमगढ़ जिले से संचालित हो रही है जिसके चलते जिला मुख्यालय पर कीटनाशक दवा एवं अमानक बीज विक्रेताओं की टीकमगढ़ जिले के अधिकारियों से साठ गांठ रहती थी और इसी साठ गांठ के चलते नगर में बिना लाइसेंस के अमानक बीज तथा नकली कीटनाशक दबा का विक्रय धड़ल्ले से हो रहा था लेकिन जब आज जिले के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के संज्ञान में इस तरह की जानकारी पहुंची तो कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के द्वारा तत्काल ही दुकानों के निरीक्षण के निर्देश दिए गए और कृषि विभाग के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ दुकानों का निरीक्षण किया तथा दुकानों में कीटनाशक दबा एवं बीज का अवैध व्यापार पाए जाने पर दुकानों को सील किया गया। कीटनाशी निरीक्षक कुलदीप कौशिक द्वारा दुकानों पर चश्पा की गई सूचना के अनुसार निरीक्षण के दौरान दुकान में अवैध तरीके से कीटनाशक खरपतवार नाशक दवाइयो का कारोबार किया जा रहा था जिसके चलते कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी अधिनियम 1971 का उल्लंघन किया जाना पाया गया जिसके बाद कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 21 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुकान को सील किया गया है।

***नमूना लेने पहुंचे अधिकारी को होते दिखी थीं नकली दबा की पैकिंग***

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने उपसंचालक को पत्र के माध्यम से बताया कि अनीशा बीज भंडार की दुकान पर नमूना लेने गया था लेकिन वहां पर नकली दवा की पैकिंग की जा रही थी जिसका वीडियो मैंने अपने मोबाइल पर बना लिया था लेकिन दुकानदार द्वारा मुझे बुलाया गया और मेरे साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया गया मेरे ऊपर शराब डाल दी गई और कट्टा तथा अन्य हथियार दिखाकर मेरा एक वीडियो बनाया गया और मुझे फसाने के लिए महिलाओं से शिकायत कराई गई जिसको संज्ञान में लेकर उप संचालक किसान कल्याण तथा किसी विकास जिला निवाड़ी, टीकमगढ़ ने 8 जुलाई को ही बगैर लाइसेंस के बीज व दवा की दुकान संचालित करने पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था उपसंचालक के आदेश के अनुसार अनीषा बीज भंडार के नाम पर कीटनाशक लाइसेंस था जिसकी वैधता 31 दिसंबर 2023 को समाप्त हो चुकी थी तथा कृषि विभाग के द्वारा लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ाने का कोई भी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया जिससे उक्त लाइसेंस स्वत ही निरस्त माना जाता है तथा इसके बाद अनीशा बीज भंडार के नाम से कोई भी लाइसेंस कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया गया और बगैर लाइसेंस के बीज एवं कीटनाशक दवा तथा नकली कीटनाशक बोतलों पर ब्रांडेड कंपनी के रैपर चिपकाए जाने पर संबंधित के खिलाफ बीज अधिनियम आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं कीटनाशक अधिनियम के तहत पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए थे तथा जांच दल गठित कर दुकानों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन कृषि विभाग के द्वारा ना ही जिला स्तरीय जांच दल गठित किया गया और ना ही अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों पर एफआईआर दर्ज कराई गई। और जब आज कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के संज्ञान में बीज एवं कीटनाशक दवा के अवैध व्यापार की सूचना पहुंची तो उनके द्वारा कृषि विभाग को निर्देशित कर अवैध रूप से कीटनाशक दवा एवं अमानक बीज का व्यापार करने वाले विक्रेताओं पर कार्यवाही की गई। आपको बता दें कि इस समय बीज भंडारों पर किसने की काफी भीड़ लगी रहती है और ऐसे में दुकानें सील होने से सभी बीज विक्रेताओं में भारी निराशा देखी गई तथा कुछ दुकानदारों के द्वारा दुकान सील करने की कार्यवाही को लेकर उच्च न्यायालय जाने की बात कही गई।

# सीएमओ के दुलारे ने फर्जी मेडिको लीगल बनवाने को लेकर जमकर किया जिला अस्पताल में हंगामा

**-सीएमओ का दुलारा जिला क्षय केंद पर है तैनात, उक्त स्वास्थ्य कर्मी से ष्ठ्द्दह्य भी है काफी परेशान**

**-अनेकों सीएसी पीएससी पर xray मशीन लगी वहां क्यों नहीं की जाती तैनाती पूछती हैं जनता**

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिला अस्पताल में फर्जी मेडिको लीगल बनवाने पर काफी हद सी एम एस कड़ाई से रोक लगा रखी है जिस कारण एक स्वास्थ्य कर्मी काफी परेशान है वह फर्जी मेडिको लीगल बनवाने के लिए पार्टी से धनराशि ले लेता है जब वह पार्टी से धनराशि लेने के बाद फर्जी मेडिको लीगल बनवाने में सफल नहीं हो पाता है तो पार्टी को भड़का कर उसका साथ देते हुए हंगामा काटता है और लड़ने पर उतारू हो जाता है उक्त स्वास्थ्य कर्मी जिला क्षय केंद पर तैनात बताया जाता हैं और सीएमओ का खास होने के कारण सीएमएस भी उससे परेशान रहते है क्योंकि वह सीधे cms के अधीन नहीं होने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते है जिस कारण वह काफी उत्तेजित हो जाता है।

इसी प्रकार का वाकया बुधवार को दोहराया गया उसने एक पार्टी से धनराशि लेकर फर्जी मेडिको लीगल बनवाने के लिए जिला अस्पताल के xray विभाग में xray कराने के लिए भेज दिया जब xray मशीन डिजीटल होने के कारण उसमें कोई चोट नहीं आई तो उसमें पार्टी को भड़काकर भेजा कि यह किसी ओर का xray दे दिया है और उसके साथ जिला क्षय रोग केंद से अपनी ड्यूटी छोड़कर आ गया और xray विभाग में जाकर हंगामा करने लगा। इसी दौरान हंगामा देखकर जिला अस्पताल में तैनात xray टेक्नीशियन और उनका स्टॉफ भी बाहर आ गया तो उनसे उलझ गया काफी देर तक हंगामा होता रहा। इस दौरान काफी भीड़ इक्कठी हो गई। बताया जाता है कि उक्त स्वास्थ्य कर्मी काफी लंबे समय से जिला अस्पताल के xray विभाग में तैनात रहा था और फर्जी मेडिको लीगल बनाने का मास्टर माइंड बताया जाता हैं जिन धाराओं में झूठा मुकदमा पार्टी लिखना चाहती है उन धाराओं के अनुसार मोटी रकम वसूल कर मेडिको रिपोर्ट बनावा देता था। महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने अपने विरोधियों को फसाने के लिए अपना एवं अपने परिवार के लोगो का फर्जी मेडिको बनवा दिया था। न्यायालय ने अपने आदेश में भी इसका उल्लेख किया था । उल्लेखनीय हैं कि जनप्रतिनिधियों ने जिले में अनेकों सीएसी पीएससी पर xray मशीन होने पर वहां xray टेकिनियाशन तैनाती के लिए सीएमओ और विभाग के मंत्री सहित उच्चाधिकारियों को लिखा था लेकिन सीएमओ ने जनप्रतिनिधियों के पत्रों एवं सुझावो को नहीं महत्व दिया जिस कारण गांव में बीमार लोगो को xray कराने के लिए भटकना पड़ता हैं जिस कारण सरकार की छवि खराब हो रही हैं गोर्वधन विधायक मेघश्याम सिंह ने बताया कि सीएमओ सहित अन्य को पत्र मेरे द्वारा भेजे गए। उनका कहना है कि जिला क्षय रोग केंद पर तैनात xray टेक्नीशियन की ड्यूटी गोवर्धन विधान सभा में आने वाले सीएसी पीएससी में जहां xray मशीन है और किसी की तैनाती नहीं है वहां लगाई जाए या जिससे गांव की जनता को लाभ मिल सके।

# जिला शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण की चर्चाएं जोरो पर

## जिला शिक्षा अधिकारी का पद पाने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भोपाल में डाला डेरा

परिहार गर्जना न्यूज ।निवाड़ी। निवाड़ी को प्रदेश के 52वें जिले की मान्यता प्राप्त हुए लगभग 6 वर्ष का समय बीत रहा है और इन 6 वर्षों में निवाड़ी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी का पद हमेशा ही सुर्खियों में रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी का पद स्वीकृत न होते हुए भी जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना काफी समय पहले चर्चाओं में रही उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी की पद स्थापना के उपरांत निवाड़ी जिले में पदस्थ रहे अधिकांश जिला शिक्षा अधिकारी विवादों में ही रहे हैं और लगभग 2 वर्ष पहले तो एक हफ्ते में जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति के तीन-तीन आदेश सुर्खियों में रहे थे और इसके बाद वर्तमान में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अनुकंपा नियुक्ति, क्रमोन्नति आदेश एवं विद्यालय निरीक्षण उपरांत जारी किए गए निलंबन आदेश के चलते चर्चाओं में है और अब ऐसी चर्चाएं हैं कि शिक्षकों के जारी हुए निलंबन आदेश के उपरांत जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के चलते जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण तय माना जा रहा है और अब जिला शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण की चर्चाओं के बाद जिला शिक्षा अधिकारी का पद पाने के लिए शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों ने भोपाल में डेरा डाला है। जिले में अब ऐसी चर्चाएं हैं कि पद पाने एवं शिक्षा विभाग में नियमों की अनदेखी कर उलट फेर करने वाले शिक्षा विभाग के चतुर खिलाड़ी भी अब जिला शिक्षा अधिकारी का पद पाने के लिए भोपाल पहुंचे हैं और यदि शिक्षा विभाग के यह चतुर खिलाड़ी अपनी रणनीति में सफल हुए तो बहुत जल्द निवाड़ी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी का पद एक बार फिर सुर्खियों में आ सकता है। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी को हटाने के लिए कुछ दिन पहले गुरु पूर्णिमा के दिन ही आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के द्वारा स्थानीय विधायक को ज्ञापन सोपा गया था इसके बाद से ही जिला शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण की चर्चाओं ने जोर पकड़ा था और इन्हीं चर्चाओं के बीच शिक्षा विभाग के चतुर खिलाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी का पद पाने के लिए लालायत हो उठे और निवाड़ी जिले के शिक्षा विभाग में भारी उलट फेर करने की मंशा को लेकर भोपाल पहुंचे हैं जहां राजनीति एवं शिक्षा विभाग में अपना वर्चस्व रखने वाले शिक्षा विभाग के चतुर खिलाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी का पद पाने के लिए जोर आजमाइश में लगे बताए जा रहे हैं।

***6 वर्ष में बदले 7 जिला शिक्षा अधिकारी***

निवाड़ी को जिला की मान्यता मिले अभी 6 वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं और इन 6 वर्षों में निवाड़ी जिले में 7 जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किये जा चुके हैं। निवाड़ी जिले को 1 अक्टूबर 2018 को जिले की मान्यता मिली थी जिसके 6 वर्ष पूरे होने में लगभग अभी दो माह का समय शेष है लेकिन इन बीते हुए लगभग 6 वर्षों में निवाड़ी जिले में 7 जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ किये जा चुके हैं। निवाड़ी जिले में सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर उदित नारायण मिश्रा को पदस्थ किया गया जिनका कार्यकाल 26 फरवरी 2019 से 28 अगस्त 2021 तक रहा इसके बाद निवाड़ी जिले में पदस्थ रहे अपर कलेक्टर एस के अहिरवार को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार दिया गया जिनके द्वारा 23 अगस्त 2021 से 19 सितंबर 2021 तक जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाला गया तत्पश्चात शैलेंद्र नाथ नीखरा को 20 सितंबर 2021 से 31 मार्च 2023 तक जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया इसके बाद मात्र तीन दिवस की अवधि के लिए राजेंद्र कुमार पाठक को 31 मार्च 2023 से 2 अप्रैल 2023 तक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी का पद भार दिया गया और इसके बाद आरपी भारती को 13 अप्रैल 2023 से 1 जून 2023 तक जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार सोपा गया तत्पश्चात सुनील कुमार हिंगवासिया को 22 जून 2023 से 3 अक्टूबर 2023 तक जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया और उसके बाद दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को उन्मेष श्रीवास्तव को जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया जो वर्तमान में भी जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं।

# अगूंठा लगाने के बाद भी पूरा नहीं मिलता राशन

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। जिले में 827 राशन डीलर है और जनता को पूरा राशन दिलाने के लिए सरकार ने अगूंठा लगाकर राशन दिलाने की व्यवस्था कर रखी है फिर भी जनता को पूरा राशन नहीं मिल रहा है।

जिले में 827 राशन की दुकान है जिसमें सरकार द्वारा नियुक्त राशन डीलर सरकार से वितरित होने वाले अनाज को राशन कार्ड धारक को अनाज दिया जाता हैं। जनता का कहना है कि जब वह राशन डीलर के यहां से राशन ले जाकर अपने तराजू पर तोलते है तो वह राशन काफी कम होता है डीलर के पास जाकर कम राशन तोलने की शिकायत करते हैं तो डीलर झगड़ा करने लगता है। इस संबध मे एक राशन डीलर से बात हुई तो उसने नाम न छपने की शर्त पर बताया कि ऊपर तक प्रत्येक माह दो हजार रुपए देने होते है कोई डीलर अपनी जेब से तो देगा नहीं ,उसके लिए जनता के राशन में ही चोरी कर उससे ही दिया जा सकता हैं ।

# रेस्क्यू के जरिए चार को एसडीआरएफ टीम ने टापू से निकला

राजाराम साहू



परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा।। अनुविभाग के बमनौरा पुलिस थाना इलाके में गुरुवार को धसान नदी की बाढ़ के कारण टापू पर फंसे जाने के चलते रेस्क्यू के जरिए फिर चार लोगों को सकुशल निकाल लिया गया है। एसडीएम प्रशांत अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बड़ा मलहरा अनुभाग के बमनौरा पुलिस थाना इलाके के भैंसाखेरा गांव में बकरियां चराने गये चरवाहे अचानक नदी में बाढ़ आ जाने से टापू में फंसकर रह गये थे जैसे सूचना मिली प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए एसआरएफ टीम की मदद से सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि चरवहों में चार पुरुष एवं एक महिला शामिल है। एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने यह भी बताया कि बाढ़ संभावित इलाकों में पहले से ही अलर्ट जारी है फिर भी ऐसी स्थिति बनने पर सख्तअलर्ट जारी किया गया है।

# बानसुजारा डेम के गेट खुलने से धसान नदी फिर उफान पर

## नदी के पुल पर पानी आने से रुट बदलकर चलीं बसें





घुवारा ।। घुवारा बानसुजारा डेम के गेट खोलकर पानी छोड़े जाने से धसान नदी फिर से उफान पर आ गई जिससे पुल के ऊपर तकरीबन 4 फीट पानी आ गया। धसान नदी के पुल पर पानी आने से प्रशासन के निर्देशन में छतरपुर टीकमगढ़ मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया है। नदी के पुल पर छतरपुर जिले और टीकमगढ़ जिले की पुलिस तैनात कर दी गई है।

बड़ामलहरा एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि छतरपुर जिले और टीकमगढ़ जिले की सीमा पर बंधा पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित धसान नदी में अचानक पानी बढ़ने से पुल पर तकरीबन 4 फीट पानी आ जाने से आसपास के गांवों के लोगों को न सिर्फ अलर्ट जारी कर दिया गया है बल्कि मौके पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। बताया गया है कि टीकमगढ़ से वाया बड़ामलहरा कटनी चलने वाली बसों का संचालन रुट बदलकर किया गया। हालांकि दिन आवागमन बंद रहने के पुल से पानी हटते ही देर शाम आवागमन चालू कर दिये जाने की खबर है।

# अतिक्रमण को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

## अब सामान जप्ती एवं हो रही है चालानी कार्रवाई

*छतरपुर। गुरुवार को यातायात, कोतवाली पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर अतिक्रमण की स्थिति को जांचा। निरीक्षण के दौरान टीम को हालात में सुधार तो मिला लेकिन स्थिति पूरी तरह से ठीक नहीं पाई गई है। कुछ व्यापारियों ने अभी भी अतिक्रमण कर रखा था, जिनके विरुद्ध टीम ने कार्रवाई की।*



यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि अतिक्रमण के कारण बाजार आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जनता को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए हमने रणनीति तैयार की थी, जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले दिनों बाजार का अतिक्रमण हटाकर व्यापारियों और हाथ ठेला संचालकों को पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई थी। अब यातायात पुलिस, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर और नगर पालिका का संयुक्त दल निरंतर बाजार का भ्रमण कर अतिक्रमण का निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र 60 से 70 फीसदी तक अतिक्रमण मुक्त हो चुका है, शेष इलाकों को अतिक्रमण मुक्त कराने के प्रयास जारी हैं। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर अतिक्रमण पाया गया, वहां से सामान जब्त करते हुए करीब एक दर्जन चालान काटे गए। वहीं कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी बाजार में आने वाले वाहनों के कारण होती है इसलिए बाजार के 4 स्थानों को वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया है और लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने वाहनों को पार्किंग के लिए चिन्हित किए गए स्थानों पर ही पार्क करें। उन्होंने बताया कि हटवारा के पास स्थित मैदान, गल्ला मंडी मैदान, कॉलेज ग्राउंड में फल मार्केट के पास और शासकीय स्कूल के पास स्थित मैदान में लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

# एशियनबुक ऑफ रिकार्ड मे दर्ज अपूर्व ने गौरिहार को किया गौरवान्वित

## राज्य स्तरीय बॉली बॉल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता मे हुआ अपूर्व का चयन

प्रकाश मिश्रा



परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। राज्य की सीमा के छोर पर स्थित गौरिहार के लाल अपूर्व ऊर्फ दीप मिश्रा ने राज्य स्तरीय बॉली बॉल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता मे चयनित होकर, अपने दादा व माता -पिता का राम रोशन करने के साथ ही गौरिहार को गौरवान्वित किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण म0प्र0द्वारा संचालित राज्य बॉली बॉल छात्रावास नरसिंहपुर के अंतर्गत सत्र 2024 - 25 के लिए आयोजित प्रतिभा चयन स्पर्धा मे गौरिहार निवासी पूजा - नवनीत मिश्र के सुपुत्र अपूर्व का चयन हुआ है। बीते माह जून की 21व 22 तारीख को बॉली बॉल कोर्ट नरसिंहपुर मे सम्पन्न हुई प्रतिभा चयन स्पर्धा मे शारीरिक दक्षता व खेल कौशल के आधार पर चयनित हुए अपूर्व ने अपनी इस उपलब्धि का सूत्रधार दादा रमेशचंद्र मिश्रा को बताया है।

***बचपन से ही लगनशील व मेहनती है अपूर्व***

स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत हो चुके दादा रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि अपूर्व बचपन से ही लगनशील व मेहनती रहा है। उन्होंने बालपन मे ही उसकी प्रतिभा को भाँपते हुए चित्रकूट मे शिफ्ट होकर आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाईं।अपूर्व ने शिक्षा का सफर एलकेजी से सद्गुरु पब्लिक स्कूल चित्रकूट जिला सतना से शुरू किया था, जहाँ पर उन्होंने कक्षा 11 वीं तक अनवरत पढ़ाई की। पिता नवनीत मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2017 व 2018 मे आयोजित राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिताओं मे अपूर्व ने क्रमशः दो गोल्ड मैडल हांसिल किए व 96 घंटे निरंतर स्केटिंग कर एशियन बुक ऑफ रिकार्ड मे अपना दर्ज करवाने मे सफलता अर्जित की।

***नरसिंहपुर छात्रावास मे निखरेगी खेल प्रतिभा***

राज्य स्तरीय बॉली बॉल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता मे चयनित हुई टीम के अन्य सदस्यों के साथ हुए दीप मिश्रा ने 22 जुलाई सोमवार को राज्य बॉलीबॉल छात्रावास नरसिंहपुर मे आमद दे दी है। यहां बॉली बॉल खेल विशेषज्ञयों द्वारा दीप सहित अन्य सदस्यों की खेल प्रतिभा को निखारने का काम किया जाएगा। अपूर्व के स्केटिंग कोच वैभव अग्रवाल ने बताया कि इसके अंदर गजब की प्रतिभा, लगन व सीखने की ललक है। उन्होंने अपूर्व को क्रिक व फास्ट स्केटर बताते हुए कहा कि वह हर रेस को चैलेन्ज की तरह लेता है।

***परिजन व परिचितों ने की उज्वल भविष्य की कामना***

अपूर्व ऊर्फ दीप मिश्रा द्वारा इतनी कम उम्र मे खेल खेल विधाओं के माध्यम से मेडल व सर्टिफिकेट सहित एशियन बुक ऑफ रिकार्ड मे नाम दर्ज कराने व बॉली बॉल की राज्य स्तरीय टीम मे शामिल होने जैसी सफलता हासिल कर, अपने परिवार व जन्मभूमि गौरिहार का नाम रोशन करने पर उनके दादा रमेशचंद्र मिश्रा, पिता नवनीत, माँ पूजा, बुआ पूनम तिवारी, हर्षवर्धन सिंह, मुखिया साहू, बीरु निगम,उत्तम यादव, कुद्दू घोष,रामकेश पटेल,करन सिंह,धीरज तिवारी, सचिव नरेन्द्र राय,प्रदीप पाल,पत्रकार प्रकाश मिश्रा व मान सिंह प्रजापति आदि ने गौरवान्वित होकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। अपूर्व ऊर्फ दीप ने अपनी इस सफलता का श्रेय दादा रमेशचंद्र व अपने कोच को देते हुए आने वाले समय मे अपनी जन्मभूमि गौरिहार सहित प्रदेश व देश का नाम रोशन करने की खातिर और भी मेहनत कर, हर सम्भव प्रयास करने की बात कही है।

# ग्राम पंचायत बरहा में लगा निशुल्क नेत्र शिविर 350 हितग्राहियों ने उठाया लाभ

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। जनपद पंचायत गौरिहार अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरहा अपने कार्यों को लेकर चर्चा मे बनी रहती है और आज दिनांक 24जुलाई 2024को ग्राम पंचायत में निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आसपास के गाँवो के 350महिला पुरुषों वृद्ध हितग्राहियों ने आँखों की जाँच करवाई जिसमे 45लोंगो को मोतीया बिंद निकला जिनको जानकीकुंड चित्रकूट ऑपरेशन के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था (एंबुलेंस) के माध्यम से जानकी कुंड की टीम लें गई।



ग्राम पंचायत बरहा मे आँखों का कैंप लगने से आसपास के 10गांव के लोग लाभन्वित हुए सरपंच हीरामणि राजकुमार कुशवाहा हमेशा समाज सेवा मे प्रयास रत रहती हैं यही कारण हैं की नेत्र शिविर मे गाँवो मे मुनादी करवाने प्रचार प्रसार कराने से 350लोगो ने जाँच आँखों का जाँच कराया और 45लोगो की आंखे बनने जानकी कुंड भेजें गये।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321